अखिल बिस्व यह मोर उपाया । सब पर मोहि बराबरि दाया ।।
सब मम प्रिय सब मम उपजाए । सब ते अधिक मनुज मोहि भाए ।।
सांध्य दैनिक
| Ram Katha 940 - मानस वसुधैवकुटुम्बकम || New Yark(UNO) अमेरिका || ✲मोरारी बापू
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 22 | इंदौर, शनिवार 03 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# बारिश-आज पूरे प्रदेश में स्ट्रॉन्ग सिस्टम

## 12 जिलों में भारी का रेड अलर्ट, भोपाल समेत 35 जिलों में तेज पानी गिरेगा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मानसून ट्रफ, लो प्रेशर एरिया और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए, जबकि कोलार, तवा, बरगी समेत 9 बड़े डैम के गेट खोलने पड़े।**

ऐसा ही मौसम शनिवार को भी बना रहेगा। 12 जिले- सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर, श्योपुर और शिवपुरी में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट है।

वहीं, भोपाल, जबलपुर समेत 23 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इस तरह शुक्रवार को प्रदेश में 35 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। यहां 4 इंच या इससे अधिक बारिश होने का अनुमान है। बाकी जिलों में भी तेज बारिश होने की संभावना है।

### इसलिए स्ट्रॉन्ग सिस्टम बना

आईएमडी भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के आसपास साइक्लोनिक सर्कुलेशन लो प्रेशर एरिया बन गया है। मानसून ट्रफ इस लो प्रेशर एरिया के केंद्र से होते हुए सीधी, ग्वालियर यानी मध्यप्रदेश के उत्तरी हिस्से से गुजर रहा है। एक अन्य ट्रफ पूर्व-पश्चिम से होकर इन्हीं क्षेत्रों में एक्टिव है। दक्षिण-पश्चिमी हवाओं की बात करें तो इससे बराबर नमी आ रही है, जो प्रदेश को प्रभावित कर रही है।

इस वजह से गुरुवार देर रात से ही तेज बारिश जारी है, जो अगले 2 दिन तक होती रहेगी। इसके लिए मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी किया है। शनिवार को सिस्टम आगे बढ़ेगा। इससे दक्षिण और मध्य हिस्से को प्रभावित करेगा। इसलिए कई जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट है। लगभग पूरा प्रदेश तरबतर होगा। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने और बाढ़ आने की आशंका भी है।

### सीधी में 3.7 इंच बारिश, रायसेन-सतना में 3 इंच पानी गिरा

प्रदेश में शुक्रवार को तेज बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल और नरसिंहपुर में सवा इंच पानी गिर गया। सीधी में सबसे ज्यादा 3.7 इंच बारिश हुई। रायसेन और सतना में 3 इंच पानी गिर गया। पचमढ़ी, टीकमगढ़ में 1 इंच, रतलाम, उज्जैन और मलाजखंड में पौन इंच बारिश दर्ज की गई। बैतूल, नर्मदापुरम, धार, रीवा, उमरिया, गुना, इंदौर, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला में भी बारिश का दौर चलता रहा।

### छलक उठे एमपी के 9 बड़े डैम

गुरुवार रात से जारी बारिश शुक्रवार को भी होती रही। इस वजह से प्रदेश के 9 बड़े डैम छलक उठे। भोपाल का बड़ा तालाब फुल भर गया। इससे भदभदा डैम के 5 और कलियासोत डैम के सभी 13 गेट खोले गए। भोपाल के पास कोलार डैम के 8 में से 4 गेट खोलने पड़े। नर्मदापुरम में तवा डैम के 9 गेट, अशोकनगर में राजघाट के 8 गेट, जबलपुर में बरगी के 7 गेट, रायसेन के बारना डैम के 6 गेट, विदिशा में हलाली डैम के 2 गेट और छिंदवाड़ा में माचागोरा डैम के 4 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है।

### प्रदेश में 2.1 इंच बारिश ज्यादा

प्रदेश में जिस दिन से मानसून एक्टिव हुआ, तभी से तेज बरस रहा है। अब तक की बारिश के कोटे से 2.1 इंच ज्यादा पानी गिरा है। अब तक 18.5 इंच बारिश होनी चाहिए, लेकिन औसत 20.6 इंच पानी गिर चुका है, जो 12% अधिक है।

### सिवनी में सबसे ज्यादा 32 इंच से ज्यादा बारिश

प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश सिवनी जिले में 32 इंच हो गई, जो कोटे की बारिश से करीब 10 इंच ज्यादा है। मंडला, नर्मदापुरम, भोपाल, रायसेन और छिंदवाड़ा ऐसे जिले हैं, जहां बारिश का आंकड़ा 25 इंच या इससे ज्यादा है। रीवा फिसड्डी जिला है, यहां 8 इंच बारिश ही हुई है। बता दें कि अब तक प्रदेश में ओवरऑल 12% बारिश ज्यादा हो चुकी है। इसमें पूर्वी हिस्से में 4% और पश्चिमी हिस्से में 18% ज्यादा पानी गिरा है।

### इंदौर के तालाबों की स्थिति सुधरी:शहर में औसत से 7 इंच बारिश कम,

शहरी क्षेत्र में इस बार भले ही बारिश कम हुई है, लेकिन राहत की खबर यह है कि शहर को पीने का पानी देने वाले तालाबों के जलस्तर में सुधार हो रहा है। वजह यह है कि महू, देपालपुर, गौतमपुरा तरफ अच्छी बारिश हुई है। इससे इन तालाबों को भरने वाली चैनल में पानी आ गया है। अगस्त में 15-20 इंच पानी बरस गया तो सभी तालाब क्षमता के मुताबिक भर जाएंगे। यानी इतना पानी तालाबों में आ जाने से अगले मई-जून की गर्मी में भी ये साथ देंगे।बहरहाल, शुक्रवार को दिनभर शहर में रुक-रुक कर बारिश होती रही। कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी का दौर चला। बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम सक्रिय हो रहा है, जो शनिवार से और असरदार हो जाएगा। इस सिस्टम से शहर में अगले तीन से चार दिन बारिश होती रहेगी। अब तक शहर में 14.3 इंच ही पानी बरसा है। जबकि 21 इंच तक पानी गिर जाना चाहिए था। यानी 2 अगस्त तक के औसत से यह करीब 7 इंच कम है।

### रिमझिम के साथ 38 किमी की रफ्तार से चली हवा

शुक्रवार को दोपहर 3 बजे के बाद कई बार 38 किमी की रफ्तार से हवा चली। इसके साथ ही 10-12 मिनट तक तेज बारिश हुई। बादल भी इतने गहरे हो गए कि अंधेरा ही छा गया। सुबह साढ़े 8 से शाम 5 साढ़े पांच बजे तक 4.1 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। दिनभर बारिश होने के कारण तापमान में गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5 डिग्री कम रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री दर्ज किया गया।

## सीएम बोले- संभाग स्तर पर हाईटेक नर्सरियां स्थापित की जाएं, प्रदेश में मसालों की पृथक मंडी स्थापित हो



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र किसानों और उद्योगपतियों दोनों के लिए लाभकारी होगा और प्रदेश के सभी जिलों में उद्यमिता और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री ने उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण विभाग के बजट में वृद्धि करने और बाजार की मांग के अनुसार गतिविधियों को संचालित करने के लिए हॉर्टिकल्चर प्रमोशन एजेंसी स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रदेश में संतरा, केला, पान, लहसुन आदि की राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। सीएम ने कहा कि संभाग स्तर पर हाईटेक नर्सरियां स्थापित की जाएं, प्रदेश में मसालों की पृथक मंडी स्थापित हो।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जारी पौधरोपण अभियान में फलदार पौधे लगाने को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए और फल, सब्जियों, औषधीय पौधों आदि के आर्गेनिक प्रोडक्शन, उनके डीहाइड्रेशन प्लांट व गामा रेडिएशन जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत और निवेश का पूरा लाभ मिलना चाहिए और उन्हें किसी भी स्थिति में नुकसान नहीं उठाना पड़े। उन्होंने जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने और बेहतर कार्य करने वालों को शासकीय कार्यक्रमों में सम्मानित करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में केन्द्र पोषित योजनाओं, राज्य पोषित योजनाओं, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरीगेशन योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना पर प्रदेश में जारी गतिविधियों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

## मध्य प्रदेश सरकार लेगी 5000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज, पहले से 3.75 लाख करोड़ रुपये का कर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार आगामी लोकसभा चुनाव के बाद 5000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज लेने की योजना बना रही है, जिसे दो चरणों में लिया जाएगा। वर्तमान में सरकार के ऊपर 3.75 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। लोकसभा चुनाव के बाद अब प्रदेश सरकार 5000 करोड़ रुपये का कर्ज और लेगी। यह दो किस्तों में लिया जाएगा। पहला कर्ज ढाई हजार करोड़ रुपये का 11 साल के लिए लिया जाएगा। जबकि,



ढाई हजार करोड़ रुपये का ही दूसरा कर्ज 21 साल के लिए लिया जाएगा। बता दें कि प्रदेश सरकार के ऊपर 31 मार्च 2024 की स्थिति में 3 लाख 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण पहले से ही है। राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम के प्रावधान के अनुसार, सरकार राज्य सकल घरेलू उत्पाद का तीन प्रतिशत तक ऋण ले सकती है।

बता दें मध्य प्रदेश सरकार पर 31 मार्च 2024 तक 3 लाख 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। सरकार नियमों के अनुसार कर्ज लेने जा रही है। सरकार राज्य सकल घरेलू उत्पाद का तीन प्रतिशत तक कर्ज ले सकती है। वर्ष 2024-25 में, सरकार 65 हजार करोड़ रुपये तक कर्ज ले सकती है। पिछले वर्ष 2023-24 में मध्य प्रदेश सरकार ने 55 हजार 708 रुपए का कर्ज लिया था।

# इंदौर में सुगम यातायात के लिए विशेष प्रयास जारी

## शहर में विभिन्न फ्लाईओवर, ब्रिज, एलिवेटेड कॉरिडोर के संबंध में चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में सुगम यातायात के लिए विशेष प्रयास जारी है। इसके तहत शहर में विभिन्न जगहों पर फ्लाईओवर, ब्रिज, एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण प्रस्तावित है। उक्त कार्यों को गति देने के संबंध में चर्चा के लिए आज यहाँ कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई।**



बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने विभिन्न फ्लाईओवर, ब्रिज, एलिवेटेड कॉरिडोर के संबंध में कराये गये फिजिबिलिटी सर्वे की उपयोगिता के संबंध में चर्चा की। बताया गया कि उक्त कार्यों के संबंध में सभी पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों से व्यापक विचार विमर्श कर निर्णय लिया जायेगा। बैठक में शहर में चल रहे फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों के संबंध में भी चर्चा की गई।

संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें जिससे की यातायात प्रभावित नहीं हो। वाहन चालकों को परेशानी नहीं हो। बारिश को देखते हुये जल निकासी के समुचित इंतजाम करें। गड्ढों का भी भराव करें।

# नगर निगम में अब बाउंसरों की एंट्री पर विवाद, कांग्रेस पार्षद बोले पब, बार की संस्कृति निगम में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम के बजट सम्मेलन में सदन में बाउंसर तैनात किए जाने का मुद्दा गरमाने लगा है। कांग्रेस पार्षदों ने इस मामले में आपत्ति दर्ज कराई है। यह पहला मौका है जब निगम के सम्मेलन में बाउंसरों को तैनात किया गया।**



चार माह पहले रिमूवल गैंग को सेना की वर्दी से मिलती-जुलती ड्रेस पहनाने का भी पूर्व सैनिकों ने विरोध किया था। इसके बाद नगर निगम को वर्दी का फैसला वापस लेना पड़ा था। अब बाउंसर रखे जाने के मामले में नगर निगम पर सवाल उठ रहे है।

सम्मेलन के दौरान गेट पर तैनात बाउंसरों ने तख्तियां लेकर सदन में जाने का प्रयास कर रहे कांग्रेस पार्षदों को गेट पर रोका था। पार्षदों का गेट पर बाउंसरों से विवाद भी हुआ था।

आपको बता दें कि पांच साल पहले भी रिमूवल गैंग में कुछ कर्मचारी बाउंसर के रुप में तैनात रखे गए थे,जो काली टी शर्ट और जिंस पहनकर अफसरों के साथ तैनात रहते थे। उनका भी काफी विरोध हुआ था। बियाबानी में रिमूवल के दौरान बाउंसरों ने रहवासियों से विवाद भी किया था। तब भी यह मुद्दा गरमाया था। फिर उन्हें गैंग से हटा दिया गया था।

**दस बाउंसर तैनात किए-** सदन के मेनगेट पर छह बाउंसर तैनात किए गए थे,जबकि बिल्डिंग की एंट्री पर भी बाउंसर खड़े थे। गेट पर तैनात बाउंसर को निर्देश दिए गए थे कि पार्षद के अलावा सदन में किसी को प्रवेश न दिया जाए। बाउंसरों ने निगम के कर्मचारियों को भी कई बार रोका था। सम्मेलन समाप्त होने के बाद भोजन कक्ष के बाहर भी बाउंसर तैनात किए गए थे।

**नेता प्रतिपक्ष बोले पब-बार की संस्कृति निगम में ला रहे भाजपा-** नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे बोले कि शहर के पब-बारों में बाउंसर तैनात रहते है, लेकिन निगम के सम्मेलन में बाउंसर तैनात कर भाजपा परिषद पब-बार की संस्कृति निगम में लाना चाहती है। जनप्रतिनिधियों को रोकने के लिए नगर निगम ने किस नियम के तहत अफसरों ने बाउंसर रखे है। यह जवाब उन्हें देना चाहिए।

**विवाद की सूचना थी-** सभापति मुन्नालाल यादव ने कहा कि बजट सम्मेलन में विवाद की सूचना थी। इस कारण निजी एजेंसी से सुरक्षाकर्मियों की सेवा ली गई थी।

## पुलिस की टीम पहुंची स्कूल

# बालिकाओं से कहा पुलिस दीदी करेंगी आपकी मदद

**इंदौर।** महिला एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम और सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ''सृजन-नई दिशा नया गगन'' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत गुरुवार को लसूड़िया क्षेत्र के निपानिया में प्रेडेंशियल किड्स हायर सेकंडरी स्कूल पहुंचे। यहां पुलिस टीम ने स्कूल की 12 से 18 वर्ष की लगभग 300 बालिकाओं को सृजन कार्यक्रम के उद्देश्य व कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। ''सृजन-नई दिशा नया गगन'' कार्यक्रम के तहत बालिकाएं पुलिस दीदी के संपर्क में रहेंगी और उनसे अपनी समस्याएं आदि साझा कर सकेंगी। उल्लेखनीय है कि बालिकाओं- महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने तथा उनकी सुरक्षा और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर राकेश गुप्ता के दिशा-निर्देशन में इन्दौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा ''सृजन-नई दिशा नया गगन'' कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय जगदीश डावर, अति. पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) प्रियंका डुडवे पुलिस टीम के साथ स्कूल पहुंची। इस अवसर पर प्रियंका डुडवे ने कहा कि आपके लिए ही यह कार्यक्रम बनाया है। आप इससे जुड़कर आपके क्षेत्र की पुलिस दीदी के संपर्क में रहेंगे और आप उनसे अपनी समस्याएं आदि को आपस में साझा भी कर सकती हैं, ताकि वह आपकी मदद कर सकें। इसके साथ ही उन्हें बच्चों से जुड़े सामान्य अपराधों व सामाजिक बातों की जानकारी देकर इस सृजन कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रेरित कियाष उनसें उनके क्षेत्र के सामाजिक परिदृश्य व आपराधिक पृष्ठभूमि के संबंध में भी जानकारी ली और बच्चियों के सवालों के जवाब दिए । उप निरीक्षक शिवम ठक्कर ने सृजन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पुलिस दीदी के माध्यम से आप अपनी हर बात शेयर कर सकते हैं। हम आपके कॅरियर, खेल, स्वास्थ्य सहित आपके मित्र बन हरसम्भव मदद का प्रयास करेंगे। इस दौरान अति पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) प्रियंका डुडवे, सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर, सब इंस्पेक्टर खुशबू परमार, ASI गयेन्द्र यादव , सुनील सिंह शेखावत सचिव क्षत्रिय राजपूत कलमकार संघ, विद्यालय के डायरेक्टर अमिताभ बर्वे, अनीता सचान उपस्थित रहे। उन्होंने सामान्य अपराधों व सायबर अपराध के संबंध में जागरूकता स्टिकर का विमोचन भी किया।

# एयरपोर्ट से हर माह आ-जा रहे 3 लाख यात्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इस साल के शुरुआत से ही यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इंदौर एयरपोर्ट ने यात्रियों की संख्या के मामले में एक नया रिकार्ड बना लिया है। जनवरी से जुलाई तक लगातार एयरपोर्ट से तीन लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की है। जुलाई में इंदौर एयरपोर्ट से हर दिन औसतन 10 हजार से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया। लगातार बढ़ रही यात्रियों की संख्या को देखते हुए इंदौर एयरपोर्ट का अगस्त और सितंबर में भी यात्री संख्या 10 हजार से ज्यादा रहने का अनुमान है। एयरपोर्ट अथॉरटी द्वारा बनाई गई मासिक रिपोर्ट के अनुसार इस बार अप्रैल माह में 2 हजार 4 सौ से ज्यादा उड़ानों का संचालन हुआ है, जिसमें 3 लाख 14 हजार से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया है। जबकि जुलाई 2023 में इंदौर से 2,482 उड़ानों से कुल 2 लाख 93 हजार 431 यात्रियों ने सफर किया था। इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन का मानना है कि जुलाई माह में माइक्रोसॉफ्ट में आइ दिक्कत और मौसम का भी असर विमानों के संचालन पर पड़ा है। जुलाई माह में 20 से ज्यादा उड़ाने निरस्त रही थी, अगर यह निरस्त नहीं होती तो यात्रियों की संख्या और बढ़ सकती थी।

# छात्रावासों में कमी पाये जाने पर 13 अधीक्षकों को नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा दिये गये निर्देशानुसार इंदौर जिले के सभी छात्रावास और आश्रमों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में कमियां पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। इस सिलसिले में छात्रावासों में कमी पाये जाने पर बड़ी संख्या में अधीक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती सुप्रिया बिसेन द्वारा विभागीय छात्रावास/आश्रमों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास/आश्रम संचालन में अनेक अनियमितताएं और कमियां पाई गई। कमियां पाये जाने पर 13 अधीक्षको को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गये। साथ ही 01 अधीक्षक का एक दिन का वेतन राजसात किया गया, 01 अधीक्षिका की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई। इसके अलावार 02 अधीक्षको को सी.आर.वार्निंग दी गई और 01 अधीक्षक को भविष्य के लिये सचेत किया गया। इसके साथ ही 01 अधीक्षिका से छात्रावास का प्रभार लिया गया। साथ ही सभी छात्रावास/आश्रम अधीक्षको को छात्रावासों का संचालन नियमों के अनुरूप करने के निर्देश दिये गये।

# श्रावण मास में अष्टदिवसीय सामूहिक महारुद्राभिषेक

## नार्मदीय ब्राह्मण समाज का शहर में अनूठा आयोजन, 151 जोड़े एक होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भगवान शंकर के प्रिय माह श्रावणमास में भगवान महादेव शंकर के पूजन-अभिषेक और कांवड़ यात्राओं के साथ ही मंदिरों से पालकी यात्राएं निकालने का दौर शहरभर में चल रहा है। इसी कड़ी में नार्मदीय ब्राह्मण समाज क्षेत्र क्रमांक 2 उत्तर इकाई के द्वारा इस वर्ष भी भगवान महादेव का महारुद्राभिषेक आचार्य पं. मधुसूदन उपाध्याय के सानिध्य व आशीर्वचनों से किया जा रहा है। इस अष्ट दिवसीय भव्य महारुद्राभिषेक में समाज के 151 जोड़े शामिल होकर एक साथ भगवान शिव का रूद्राभिषेक करेंगे।

आचार्य पं. नवीन उपाध्याय ने बताया कि आयोजन को लेकर समाजजनों की एक समिमि बनाई गई, जिसमें सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। विद्वान आचार्यों व पंडितों के द्वारा अष्ट दिवसीय सामूहिक महारूद्राभिषेक कराया जाएगा, जिसकी तैयारी समाजजनों के सहयोग से की जा रही है।

आठ दिनी महारूद्राभिषेक में प्रथम 5 अगस्त 2024 को प्रातःकाल आश्लेषा नक्षत्र में आयोजनकर्ता सदस्यो द्वारा नंदानगर में पृथ्वी पूजन एवं ध्वज पूजन किया जाएगा। दूसरे दिन समाज के पदाधिकारियों समाज के वरिष्ठजनों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया जाएगा।

### पितरों की प्रसन्नता के लिए पाठ

तृतीय दिवस दोपहर 12 बजे से 1 के मध्य रुद्राभिषेक से जुड़े समस्त 151 यजमानों के पितरों को याद करते हुए उनकी प्रसन्नता के लिए गूगल मिट के माध्यम से पितृ सूक्त,गीता,पुरुषसुक्त, भागवत महापुराण आदि का पाठ किया जावेगा। वहीं चतुर्थ दिवस अनुष्ठान के मृत्तिका (वह मिट्टी, जिससे पार्थिव शिवलिंग बनेंगे) का विशेष पूजन, बड़ी भमोरी स्थित मनकामनेश्वर महादेव मंदिर पर किया जाएगा।

पंचम दिवस मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर ब्राह्मणों द्वारा 201 रुद्राक्ष मालाओं को अभिमंत्रित किया जाएगा। साथ ही षष्ठम दिवस शिव मंदिर में ही ब्राह्मणों द्वारा समस्त यजमानों की दीर्घायु की कामना से महामृत्युंजय जप किए जाएंगे।

### 11 नदियों का जल

सप्तम दिवस नार्मदीय ब्राह्मण समाज के 151 जोड़ो द्वारा षडङ्ग रुद्राभिषेक किया जाएगा, जिसमे समिति द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है। वहीं अष्टम दिवस सभी आयोजन कर्ता सदस्यो व यजमानों द्वारा पूर्व में दिए 11 नदियों का जल अपने अपने निवास पर अवभृत स्नान के लिए दिया जाएगा।

# कॉन्ट्रैक्टर के कर्मचारी ने ही रची थी साजिश

## 35 लाख की लूट का खुलासा, कंपनी कर्मचारी सहित 3 गिरफ्त में

◆ आरोपियों से 26 लाख रुपए भी पुलिस ने किए बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दिनदहाड़े हुई 35 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 26 लाख रुपए भी बरामद कर लिए हैं। इस सनसनीखेज लूट की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें जुटी थी और 24 घंटे से भी कम समय में पुलिस ने इस लूट का खुलासा कर दिया।**

लसूडिया इलाके में शुक्रवार दोपहर रोड कॉन्ट्रैक्ट के दो कर्मचारियों के साथ हुई 35 लाख की लूट के मामले में पुलिस ने लक्की निवासी द्वारकापुरी और केशव निवासी सुखलिया को हिरासत में लिया है। वहीं रोड कॉन्ट्रैक्ट रणवीर के कर्मचारी सोनू बौरासी की गिरफ्तारी ले ली गई है। उसने दोनों साथियों के साथ लूट करना कबूल की है। उसके पास से 26 लाख रुपए बरामद हुए हैं। लूट की पूरी साजिश रोड़ कॉन्ट्रैक्ट के कर्मचारियों ने ही रची थी।

शुक्रवार को हुई लूट के मामले में पुलिस को देर रात सुराग मिले। डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा ने इस मामले में लसूडिया, एमआईजी और विजय नगर की टीमें बनाई। एक कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। देर रात वह टूट गया। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों के नाम बताए। पकड़ाए बदमाशों में एक सुदामा नगर में रहता है। वहीं दूसरा हीरा नगर और बाणगंगा की सीमा का रहने वाला है। लूट करने के बाद आरोपी यहीं भागे थे। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपी पकड़े है। रेकी करने वाले तीन अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

आरोपी लूट करने बाद हीरा नगर में भागे थे। इसके बाद वह अलग अलग हो गए। सोनू बौरासी की कॉल डिटेल में आरोपियों से बार बार बात होने की पुष्टि हुई। इसके बाद अफसरों ने उसे बंद कमरे में सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने लक्की और केशव के नाम बताए। बाद में उनके घर पर टीमें पहुंची। पता चला कि वह शहर से बाहर जाने के लिए निकले है। उसके बाद घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। उन्होंने रूपए रिश्तेदारों के यहां होने की बात कही। जिस पर पुलिस ने 26 लाख बरामद कर लिए है। वहीं बाकी के रूपए तीन अन्य आरोपियों के पास है। पुलिस की टीमें उनकी तलाश में भी जुटी हुई है।

### यह है पूरा मामला

घटना शुक्रवार को स्कीम-78 में कांट्रेक्टर रणवीर सिंह के दो कर्मचारियों के साथ हुई। बाइक पर आए तीन बदमाश चाकू की नोंक पर करीब 35 लाख रूपए लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर डीसीपी, एडिशनल डीसीपी और क्राइम ब्रांच के अफसर मौके पर पहुंचे। अफसरों ने वारदात के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें उन्हें कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध नजर आ आई। जिसके बाद दोनों कर्मचारियों से अफसरों ने बंद कमरे में पूछताछ की। एक कर्मचारी को पुलिस अपने साथ लेकर गई।

रणवीर सिंह लसूडिया के स्कीम नंबर 114 में रहते हैं। वे रोड का कॉन्ट्रैक्ट लेते हैं। रणवीर ने पुलिस को बताया था कि उनके यहां काम कर रहे दो कर्मचारी अशोक और सोनू के साथ ये वारदात हुई। कर्मचारी ऑफिस से रुपए लेकर रणवीर के घर पर रखने जा रहे थे। जब वे कॉन्ट्रैक्टर के घर के पास पहुंचे तब दो बदमाशों रुपयों से भरा बैग छिनकर फरार हो गए।

पुलिस इस घटना को शुरू से ही संदिग्ध मान रही थी। जहां कर्मचारियों से बैग लूटा गया, वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला। आरोपी इसके बाद नक्षत्र गार्डन होते हुए हीरानगर और वहां से बाणगंगा पहुंचे। कैमरो में उनकी लोकेशन मिली थी।

# घर से गायब बच्ची को चंद घंटों में ढूंढ निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना इलाके से एक बालिका परिजनों से केवल इसी बात को लेकर नाराज हो गई कि उसने परिजनों से कहा था कि मुझे नए कपड़े चाहिए। परिजनों ने बच्ची की बात पर कोई ध्यान नहीं दिया। नाराज बच्ची घर से निकल गई। काफी देर तक बच्ची नहीं दिखी तो परिजनों ने थाने पर जाकर शिकायत दर्ज करवाई। बालिका का मामला होने के कारण पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बालिका के घर से लेकर अन्य स्थानों के सीसीटीवी फुटेज चैक किए और चंद घंटों में बालिका फिर से परिजनों के पास पहुंच गई।

शुक्रवार को एक महिला ने खजराना थाने पहुंचकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर बालिका की खोज शुरु कर दी। थाना प्रभारी खजराना मनोज सिंह सेंधव द्वारा बालिका की तलाश हेतु विशेष टीम का गठन कर टीम को उचित दिशा निर्देशन देकर रवाना किया गया था । पुलिस टीम द्वारा बालिका के निवास एवं उसकी नानी के घर के आस पास तथा शहर के विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज चेक करते बालिका को रेलवे स्टेशन इंदौर से तलाश लिया। बालिका ने बताया कि उसने घर वालों से नए कपड़े दिलाने का कहा था नए कपड़े नहीं दिलाने के कारण वह घर से चली गई थी। बालिका को उसके परिवार जनों के सुपुर्द किया गया, परिवारजन बालिका से दोबारा मिलकर बहुत खुश हुए।

# ताला तोड़कर मकान पर कब्जा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाणगंगा में एक मकान पर आरोपियों ने ताला तोडकर कब्जा कर लिया, मामला पुलिस तक पहुंचा है। शीला पाल,भागीरथपुरा की शिकायत पर दिनेश, मोना,ज्योति और पारस के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरे मकान का ताला तोडकर आरोपी दिनेश वर्मा व उसकी पत्नी मोना ने कब्जा कर लिया है। मैने कहा कि तुमने मेरे घर का ताला क्यों तोडा और घर में सामान क्यों रखा। आप लोगों ने कोर्ट के आदेश की अवहेलना की है इसी बात को लेकर आरोपियों ने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। सेंट्रल कोतवाली क्षेत्र में भी एक दुकान पर कब्जे का मामला सामने आया है। मनोज कुमार सोनी निवासी विजय नगर की शिकायत पर महेश भागचंदानी, हरीश भागचंदानी व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी वेयर हाउस रोड दुकान पर पहुंचा और वहां पर गार्ड को गोली मारने की धमकी देकर दुकान पर कब्जा कर लिया। विजय सोनी वहां पहुंचा तो इन लोगों ने उसे भी डरा धमकाकर कहा कि अब ये दुकान हमारी है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस की टीम पहुंची स्कूल

# बालिकाओं से कहा पुलिस दीदी करेंगी आपकी मदद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महिला एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम और सामुदायिक पुलिसिंग के तहत ''सृजन-नई दिशा नया गगन'' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत गुरुवार को लसूड़िया क्षेत्र के निपानिया में प्रूडेंशियल किड्स हायर सेकंडरी स्कूल पहुंचे। यहां पुलिस टीम ने स्कूल की 12 से 18 वर्ष की लगभग 300 बालिकाओं को सृजन कार्यक्रम के उद्देश्य व कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। ''सृजन-नई दिशा नया गगन'' कार्यक्रम के तहत बालिकाएं पुलिस दीदी के संपर्क में रहेंगी और उनसे अपनी समस्याएं आदि साझा कर सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि बालिकाओं-महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने तथा उनकी सुरक्षा और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर राकेश गुप्ता के दिशा-निर्देशन में इन्दौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा ''सृजन-नई दिशा नया गगन'' कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय जगदीश डावर, अति. पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) प्रियंका डुडवे पुलिस टीम के साथ स्कूल पहुंची। इस अवसर पर प्रियंका डुडवे ने कहा कि आपके लिए ही यह कार्यक्रम बनाया है। आप इससे जुड़कर आपके क्षेत्र की पुलिस दीदी के संपर्क में रहेंगे और आप उनसे अपनी समस्याएं आदि को आपस में साझा भी कर सकती हैं, ताकि वह आपकी मदद कर सकें। इसके साथ ही उन्हें बच्चों से जुड़े सामान्य अपराधों व सामाजिक बातों की जानकारी देकर इस सृजन कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रेरित कियाष उनसें उनके क्षेत्र के सामाजिक परिदृश्य व आपराधिक पृष्ठभूमि के संबंध में भी जानकारी ली।

# नगर निगम का ड्रेनेज घोटाला : फरार 8 आरोपियों पर पुलिस ने रखा इनाम

## संपत्ति की भी जुटाई जा रही जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के चर्चित डेढ़ सौ करोड़ के ड्रेनेज घोटाले में चौंकाने वाला राजफाश हुआ है। पुलिस ने महिला ऑडिटर सहित आठ को आरोपी माना है। सभी अफसर गिरफ्तारी के डर से घरों से गायब हो गए हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी पर इनाम की घोषणा कर संपत्ति की जानकारी जुटाने में लगी है।**

बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की भी जांच की जा रही है। ड्रेनेज घोटाले में पहला केस 16 अप्रैल को राहुल बढेरा, रेणु बढेरा, जाकिर खान, सिद्दीकी खान और सादिक के खिलाफ दर्ज हुआ था। इसके बाद परतें खुलती गई और नगर निगम के अधिकारियों ने सात अपराध दर्ज करवाए।

### इन लोगों को बनाया गया है आरोपी

विवेचना पूर्ण होने पर पुलिस ने पांच प्रकरणों में चालान पेश कर दिया। हालांकि, इन प्रकरणों में विवेचना आगे भी जारी रखी है। चालान में ऑडिटर सौम्या शुक्ला, पूनम चतुर्वेदी, जगतसिंह औरिया, अरुण शुक्ला, मुकेश श्रीवास्तव, शरद कतरोलिया, विक्रम वर्मा और जगदीश चौकसे को भी आरोपी बनाया गया है। इनके विरुद्ध मुलजिमों ने बयान दर्ज करवाए हैं। जानकारी मिलने के बाद सभी घरों से गायब हो गए हैं।

### दबिश दी, लेकिन नहीं मिले

टीआई -विजयसिंह सिसोदिया ने बताया कि पुलिस ने कई बार दबिश दी, लेकिन आरोपी फोन बंद कर फरार हो गए हैं। सभी की गिरफ्तारी के लिए इनाम की घोषणा करवा दी गई है। पुलिस आरोपियों की चल-अचल संपत्ति की जानकारी भी एकत्र कर रही है। कुछ ने अग्रिम जमानत का प्रयास किया था। मगर, कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### कर्मचारी-ठेकेदारों का चालान पेश

टीआई के मुताबिक, ड्रेनेज और ट्रेंचिंग घोटाले के संबंध में कुल सात प्रकरण दर्ज हुए हैं। पुलिस इस मामले में राहुल बढेरा, रेणु बढेरा, जाकिर, सिद्दीकी, साजिद, इमरान, मौसम व्यास, राजेंद्र शर्मा, उदय सिंह, चेतन सिंह, अभयसिंह राठौर, राजकुमार सालवी और ऑडिटर समरसिंह परमार, अनिल गर्ग, रामेश्वर, मुरलीधरन के विरुद्ध चालान पेश कर चुकी है। मामले में अभय राठौर को मास्टरमाइंड बताया गया है। आरोपी राहुल और जाकिर अभय के इशारे पर फाइलें तैयार करते थे। दोनों के फर्जी हस्ताक्षरों की पुष्टि हैंड राइटिंग रिपोर्ट में हो चुकी है।

# ट्राले ने 18 भेड़ को कुचला, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ड्राइवर ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक ट्राले को चलते हुए सडक पर 18 भेड को कुचल दिया जिसमें सभी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फरियादी मंगाराम पिता समर्थ राम चौधरी 52 साल निवासी पाली राजस्थान ने किशनगंज पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 100 भेड लेकर इंदौर रवाना हुआ था। शुक्रवार शाम ढाल कॉलोनी का गेट विशाल चौराहे पर रफ्तार में आ रहे ट्राले के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए घास चल रही 18 भेड को टक्कर मार दी जिसमें सभी की मौत हो गई। घटना के बाद चालक फरार हो गया। किशनगंज पुलिस ने ट्राला जप्त कर ड्राइवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# ट्रक की टक्कर से घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। घाटा बिल्लोद रोड पर ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार शिवनारायण पिता मोतीलाल चौहान और सुरेश पिता रमेश चंद्र मालवीय दोनों निवासी बेटमा घायल हो गए ।पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। वही न्यू देवास रोड पर ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार जितेंद्र पिता विजय शंकर चौहान निवासी क्लर्क कॉलोनी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। उधर, केदार पिता रामनारायण सोलंकी 56 साल निवासी सिमरोल की उपचार के दौरान बड़े अस्पताल में मौत हो गई। केदार चार दिन पहले खुद की मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# छोटे बकायादारों पर जोर, बड़ों से डरती है बिजली कंपनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** बकाया वसूलने को लेकर बिजली कंपनी का अजब रवैया है। वह छोटे बकायादारों के बिजली कनेक्शन एक झटके में काटकर आंकड़े बेहतर कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर बड़ी पहुंच रखने वाले और नेताओं के करीबी बड़े बकायादारों से बकाया वसूलने में कंपनी के अफसरों का पसीना छूट रहा है।

कुछ ऐसे भी क्षेत्र हैं जहां माननीयों के डर से कार्रवाई नहीं की जाती है। हालांकि बिजली कंपनी का दावा है कि बड़े बकायादारों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही कुर्की की कार्यवाही की तैयारी भी की जा रही।

छोटे और बड़े बकायादारों पर 520 करोड़ की राशि बकाया है। शहर वृत्त में बड़े बकायादार जिन पर दो लाख से छह लाख तक की राशि बकाया है ऐसे उपभोक्ता करीब 35 हजार हैं। 50 प्रतिशत उपभोक्ता ही नियमित रूप से बिल जमा कर रहे हैं। यानी पचास फीसद उपभोक्ताओं पर बिजली कंपनी का बकाया है। इनमें सबसे ज्यादा छोटे बकायादार हैं, लेकिन इन पर इतना बकाया नहीं है जितना बड़े बकायादारों पर है। लेकिन बिजली कंपनी लक्ष्य पूरा करने के लिए इनको ही टारगेट बना रही है। बड़े बकायादारों से वसूली के लिए जोन वार पोस्टर लगाकर उनके नाम की सूची चौराहों पर चस्पा की गई है, लेकिन बकाया की वसूली नहीं हो पा रही है।

सबसे ज्यादा कनेक्शन काटने की कार्रवाई छोटे बकायादारों पर

दस हजार रुपये से ज्यादा के बकायादारों के बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई बिजली कंपनी ने सबसे ज्यादा हैं। अभियान के दौरान ऐसे उपभोक्ताओं के यहां टीम दस्तक देकर कनेक्शन काटने की कार्रवाई ज्यादा कर रही है। दो लाख से सात लाख रुपए तक के बकायादारों से वसूली की कार्रवाई धीमी गति से चल रही है। इतना ही नहीं नगर संभाग उत्तर में सबसे ज्यादा बकायादार हैं। ऐसे में बिजली कंपनी पर बड़े बकायादारों पर कम सख्ती करने के आरोप भी लग रहे हैं। सबसे ज्यादा गड़बड़ी बड़े बकायादार कर रहे हैं। फिर भी कंपनी उन पर चौराहों पर सूची टांगने तक की कार्रवाई कर पाई है।

# सर्प विशेषज्ञ को डसने के बाद कोबरा की मौत, अस्पताल से ठीक होकर घर लौटा स्नेक कैचर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सांप के डसने से लोगों की मौत अक्सर सुनी व देखी, लेकिन सागर में एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां एक कैचर को डसने के बाद जहरीली कोबरा की ही मौत हो गई। यह हैरत करने वाला मामला सागर के नरयावली क्षेत्र का है। कोबरा के डंसने के बाद कैचर सुरक्षित है, वहीं कोबरा मृत हो गया।

## स्नेक कैचर के दोनों हाथ में कोबरा ने डसा

जानकारी के अनुसार नरयावली के मेनरोड बेरियर के पास कोबरा सांप निकला था। आसपास के लोगों ने नरयावली निवासी 22 वर्षीय स्नेक कैचर चंद्रकुमार अहिरवार को इसकी सूचना दी। स्नेक कैचर चंद्रकुमार तत्काल मौके पर पहुंचे और कोबरा का रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान कोबरा ने चंद्रकुमार के दोनों हाथ व अंगूठों में डस लिया।

## अस्पताल में परिजनों ने कराया भर्ती

घटना देख परिवार वालों ने स्नेक कैचर को भाग्योदय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज हुआ। स्वस्थ होने पर चंद्रकुमार को घर भेज दिया गया। घटनाक्रम का मेमो नरयावली पुलिस थाने भेजा गया। शुक्रवार को मेमो थाने पहुंचा तो पुलिस ने स्नेक कैचर को थाने बुलाया।

## अस्पताल से लौटा सर्प विशेषज्ञ, मर गया सांप

स्नेक कैचर चंद्रकुमार ने बताया कि 18 जुलाई नगर के मेनरोड बेरियर के पास सांप निकला था। सूचना पर सांप पकड़ने के लिए पहुंचा। जहां रेस्क्यू कर करीब 5 फीट लंबा कोबरा पकड़ा। इसी दौरान सांप ने एक के बाद एक दो बार फन मारा। हाथ के दोनों अंगूठों में डस लिया। परिवार वालों ने भाग्योदय अस्पताल में भर्ती कराया।

स्नेक कैचर ने कहा कि सांप ने मुझे डसा तो मैं तो सुरक्षित हूं लेकिन सांप मर गया है। घटनाक्रम की कहानी सुन पुलिस दंग रह गई।

## गांव वालों ने बताया क्यों हुई कोबरा की मौत

गांववालों से जब इस घटना के संबंध में बात की तो उनका कहना है कि स्नेक कैचर को कोबरा ने डसा था, उसे अस्पताल में भर्ती कराया, वहां से वह ठीक होकर आ गया। उन्होंने बताया कि स्नेक कैचर ने कोबरा को एक प्लास्टिक के डिब्बा में बंद कर दिया था। उस डिब्बा में एक भी छेद नहीं था। ऑक्सीजन न मिलने की वजह से कोबरा मर गया।

# स्कूलों की मनमानी मामले में शिक्षा विभाग की जांच थमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** स्कूलों की मनमानी जारी है फिर भी शिक्षा विभाग ने इस मामले में जांच बंद कर दी गई। हालात यह है कि मनमाने तरीके से स्कूल फीस वसूल रहे हैं। जिसको लेकर कलेक्टर द्वारा कराई जांच में खुलासा भी हो चुका है और तीन स्कूलों पर 2-2 लाख का जुर्माना भी लगा। पर शिक्षा विभाग ने इस जांच को आगे बढ़ाना मुनासिब नहीं समझा। जबकि अभिभावकों ने आगे आकर स्कूलों की मनमानी को लेकर शिकायत की। लेकिन शिक्षा विभाग की इस उदासीनता को लेकर अब अभिभावक खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। गजब की बात तो तब है जब जिला शिक्षा विभाग द्वारा जांच के नाम पर स्कूलों से दस्तावेज भी मंगवा लिए लेकिन इन्हें खोलकर नहीं देखा।

गौरतलब है कि स्कूलों की मनमानी को लेकर कलेक्टर ने जांच बैठा दी थी। जिस पर प्रशासनिक अफसर और जिला शिक्षा विभाग के अफसरों ने स्कूलों में जाकर निरीक्षण किया तथा फीस बढ़ाने की जानकारी ली थी। इसमें तीन स्कूल ऐसे पाए गए थे जिन्होंने जिला शिक्षा समिति से बिना अनुमति लिए 10 फीसद से अधिक फीस बढ़ा दी थी।

जब यह मामला पकड़ में आया तो उन स्कूलों से अभिभावकों से अधिक वसूली गई फीस वापस कराई तथा उन तीनों स्कूलों पर दो दो लाख का जुर्माना भी लगाया था। इस जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार का कहना है कि जांच कराई जाएगी। पर कब इस पर कोई जवाब नहीं मिल सका।

## 500 स्कूलों उपलब्ध कराए थे दस्तावेज

जांच के दौरान तकरीबन 500 स्कूलों ने शिक्षा विभाग को अपने दस्तावेज उपलब्ध कराए थे। जिनकी जांच करना थी लेकिन इन दस्तावेजों को खोलकर तक विभाग के अफसरों ने नहीं देखा। ऐसे में जिन अभिभावकों ने शिकायत की थी उन्हें न्याय नहीं मिल सका। क्योंकि शहर में और भी ऐसे निजी स्कूल है जिनमें मनमाने ढंग से फीस वसूली जा रही है। इसके बाद भी शिक्षा विभाग जांच को आगे करने के पक्ष में दिखाई नहीं देता।

# SDO के घर से 38 लाख लेकर भागा ड्राइवर ग्वालियर में अरेस्ट

### फोन पर बोला था 20 दिन में लौटा दूंगा पैसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। भोपाल के रिटायर्ड एसडीओ के घर से लाखों रुपये का माल चोरी करके भागे चालक को ग्वालियर पुलिस ने थाटीपुर इलाके से पकड़ा है। उसके पास से चोरी किए गए 17.50 लाख रुपये नकद और सोना-चांदी के गहने सहित करीब 38 लाख रुपये का माल बरामद हुआ है। भोपाल के चूनाभट्टी इलाके में रहने वाले कपिल त्यागी पीडब्ल्यूडी में एसडीओ के पद से रिटायर्ड हैं। वह परिवार के साथ अमेरिका गए हुए हैं। उनकी गाड़ी चलाने वाला चालक दीपक यादव घर पर ही रुका था। कपिल उसे मां की देखभाल के लिए छोड़ गए थे।**

## विदेश में बेटा, घर में मां की देखभाल के लिए रखा था नौकर

28 जुलाई को वह कपिल की मां की फिजियोथैरेपी करवाने के लिए अस्पताल ले गया और अस्पताल से घर ले आया। जैसे ही घर पर मौजूद दूसरा नौकर गया तो दीपक ने घर के अंदर से रुपये और गहने चोरी कर लिए। वह करीब 38 लाख रुपये का माल चोरी कर भाग गया। दीपक शिवपुरी का रहने वाला है। उसकी लोकेशन ग्वालियर में मिली तो यहां की पुलिस को सूचना दी गई। घेराबंदी कर दीपक को पकड़ लिया गया।

**मालिक को लिखा था मैसेज- 20 दिन में रुपये लौटा दूंगा-** रोचक तथ्य यह है कि चोरी करने वाले दीपक यादव ने रिटायर्ड एसडीओ कपिल त्यागी के बेटे चिरायु को मैसेज कर दिया था। उसने लिखा था- मैंने जरूरत होने पर 50-60 हजार रुपये निकाल लिए हैं, यह रुपये 20 दिन में लौटा दूंगा।

इसके बाद जब अलमारी देखी गई तो उसमें से लाखों रुपये का माल गायब था। आरोपित दीपक यादव की इंस्टाग्राम आइडी है। वह हथियारों के साथ रील बनाता है। एक फोटो तलवार से केक काटते हुए भी है।

# पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले सिरफिरे प्रेमी की अस्पताल में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर ।** जबलपुर के रांझी मस्ताना चौक में महिला और फिर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले सिरफिरे प्रेमी की शुक्रवार को मौत हो गई। प्रेमी हादसे में करीब 30 प्रतिशत झुलस गया था। वहीं महिला 45 प्रतिशत जली थी। नरेंद्र पंजाबी ने बीते मंगलवार को रांझी मस्ताना चौक में फूल की दुकान लगाने वाली महिला के सामने शादी का प्रस्ताव रखा था। शादी से इंकार करने पर उसने पेट्रोल छिड़ककर महिला को आग के हवाले कर दिया।

नरेंद्र पंजाबी ने स्वयं पर भी पेट्रोल डाला और आग लगा ली थी। इस घटना के बीच आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर आग बुझाई। दोनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना में जो जली थी वह शादीशुदा है और तीन बच्चों की मां है।

40 साल की महिला की फूल-माला की दुकान है। 15 साल पहले उसकी घमापुर में शादी हुई थी। 4 साल से पति से अलग रह रही है। 12 साल की बड़ी बेटी पिता के साथ जबकि 9 साल की बेटी और 7 साल का बेटा उसके साथ रहते हैं। पति से अलग होने के बाद शुरुआत में महिला किराए के मकान में रही।

# 25 पुलिसकर्मी, 500 CCTV, 24 घंटे में सिक्योरिटी गार्ड के तीन हत्यारे अरेस्ट

## ◆ मंदसौर में सोयाबीन चोरी के बाद कर दी थी हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर।** गरोठ थाने के ग्राम नारिया में पवन चक्की के सुरक्षा गार्ड विशाल प्रजापति की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया हैं। तीनों आदतन चोर हैं और हत्या वाली रात भी मानपुरा के एक वेयर हाउस से सोयाबीन चुराकर आ रहे थे। इसी दौरान सुरक्षा गार्ड के पहुंचने पर उसकी हत्या कर दी।

## इसलिए कर दी सिक्योरिटी गार्ड की हत्या

तीनों आरोपी वेयर हाउस से सोयाबीन चुरा ने के बाद पवन चक्की के पास सोयाबीन कट्टे में से पिकअप में खाली कर रहे थे। इसी दौरान सुरक्षा गार्ड विशाल प्रजापति वहां पहुंचा और पिकअप चेक करने लगा।

सुरक्षा गार्ड मोबाइल पर किसी को पिकअप में सोयाबीन भरे होने की सूचना दे रहा था। इससे आक्रोशित होकर तीनों आरोपितों ने टामी व चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोपितों ने हत्या के बाद सोयाबीन को दलौदा मंडी में ले जाकर 75 हजार रुपये में बेच भी दिया।

## 31 जुलाई को हत्या

एसपी अनुराग सुजानिया ने बताया कि 31 जुलाई को 30 वर्षीय श्यामलाल पुत्र कैलाशचंद्र व्यास निवासी कुरावन ने रिपोर्ट की थी कि ग्राम नारिया बुजुर्ग में क्रेशर के पास कच्चे रोड पर पवन चक्की के सुरक्षा गार्ड 30 वर्षीय विशाल प्रजापत की पिकअप में आरोपितों ने धारदार हथियार से सिर, मुंह, चेहरे पर गंभीर वार कर हत्या कर दी है।

फरियादी की रिपोर्ट पर गरोठ थाने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 3(5) में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। एसपी अनुराग सुजानिया, गरोठ एएसपी हेमलता कुरील ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए थे।

## 500 सीसीटीवी खंगाले

पुलिस दलों ने ग्राम खजूरी रुंडा, साठखेड़ा, मेलखेड़ा, बनी, कुरावन, बसई, सीतामऊ, बिलांत्री व दलौदा के रास्तेर तक करीब 500 सीसीटीवी कैमरो के फुटेज की जांच की। गरोठ, शामगढ़, सुवासरा व भानपुरा थाने में पूर्व के गंभीर अपराधों में गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी भी मुखबिरों से ली गई।

## चाकू मारकर की हत्या

सूचना के आधार पर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे अंसार नदी पुल के पास 32 वर्षीय द्वारकालाल, 24 वर्षीय राधेश्याम बागरी, 42 वर्षीय मोहनलाल बागरी को पिकअप के साथ हिरासत में लेकर थाने पर पूछताछ की गई। इन तीनों ने विशाल प्रजापत की हत्या लोहे की टामी व चाकू मारकर करना स्वीकार किया गया।

## मानपुरा से सोयाबीन चुराकर लाए थे

आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि मानपुरा में सिद्धि विनायक वेयर हाउस से 32 कट्टे सोयाबीन चोरी किया था। चोरी की गई सोयाबीन को दलौदा मंडी में 4100 रुपये क्विंटल के भाव से 75190 रुपये में बेच दिया। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

# केरल में एक के बाद एक तबाही

केरल में वायनाड के मेप्पाडी के पास सोमवार की रात को अचानक हुए भूस्खलन से जैसी तबाही हुई, उससे एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि कुदरत के सामने समूची व्यवस्था कई बार लाचार हो जाती है। हालांकि प्रकृति के कहर को रोका भले न जा सके, लेकिन इससे बचाव के उपाय जरूर किए जा सकते हैं, ताकि जानमाल के नुकसान को कम से कम किया जा सके। वायनाड में रात के दो-तीन बजे को बाद तीन बार भूस्खलन हुआ और उससे वहां अब तक सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, करीब सौ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और काफी लोग लापता बताए जा रहे हैं। हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। यों राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल के कर्मचारियों सहित अन्य महकमों के राहतकर्मियों ने बचाव के लिए हर संभव प्रयास किया है, मगर त्रासदी है कि भूस्खलन से तबाह एक क्षेत्र पूरी तरह से अलग-थलग हो गया, जहां पहुंचना आसान नहीं है। भारी बारिश की वजह से राहत कार्य में बाधा पेश आई है। गौरतलब है कि केरल में पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है, जिससे कई जगहों पर जनजीवन अस्त-व्यस्त है। मगर अब वहां कई जगहों पर बाढ़ और भूस्खलन जैसी त्रासदी भी दिखने लगी है। वायनाड में पहले भी घनघोर बारिश और उसकी वजह से भूस्खलन की घटनाएं होती रही हैं। मगर सोमवार रात वहां जो हुआ, उसने वायनाड के साथ-साथ सभी जगहों के लोगों के सामने एक खौफ का मंजर पैदा कर दिया है। पहाड़ों के बीच बसे और हरा-भरा स्वर्ग कहे जाने वाले वायनाड की पारिस्थितिकी को बेहद नाजुक माना जाता है। पश्चिमी घाट के नजदीक होने की वजह से वहां भूस्खलन का खतरा बना रहता है। पश्चिमी घाट में तीव्र ढलान है और मानसून में भारी बारिश से मिट्टी इतनी गीली और ढीली हो जाती है कि भूस्खलन के मामले बढ़ जाते हैं। जाहिर है, यह स्थिति अगर कुदरतन पैदा होती है, तो इसे तत्काल रोकना शायद मुमकिन नहीं है, मगर हर वर्ष बारिश के मौसम में भूस्खलन की आशंका के मद्देनजर बचाव के एहतियाती इंतजाम जरूर किए जा सकते हैं।




**शेखचिल्ली एक बार अपनी सास से मिलने के लिए ससुराल गया। दामाद के आने की खबर मिलते ही सासु मां ने शेख के लिए खिचड़ी बनाना शुरू कर दिया। शेख भी कुछ देर बाद ससुराल पहुंच गए। वहां पहुंचते ही सासु से मिलने के लिए शेख सीधे रसोई में चला गया। सास से बातें करते हुए अचानक शेखचिल्ली का हाथ ऊपर लगा और घी से भरा एक डब्बा सीधे खिचड़ी पर गिर गया। सास को काफी गुस्सा आया, लेकिन दामाद पर वो गुस्सा नहीं कर पाई।**

गुस्से को दबाकर शेखचिल्ली को उसकी सासु मां ने प्यार से खिचड़ी खिलाई। उसे खाते ही शेख खिचड़ी के दिवाने हो गए, क्योंकि पूरा एक डब्बा घी गिरने के कारण खिचड़ी और स्वादिष्ट हो गई थी। शेख ने सासु से कहा कि इसका स्वाद मुझे काफी पसंद आया है। आप मुझे इसका नाम बता दीजिए, ताकि मैं भी घर जाकर इसे बनाकर खाऊं।

शेखचिल्ली को उसकी सासु मां ने बताया कि इसे खिचड़ी कहते हैं। शेख ने कभी खिचड़ी शब्द नहीं सुना था। वो ससुराल से अपने घर की ओर जाते हुए इस शब्द को बार-बार दोहराने लगा, ताकि नाम भूल न जाए। खिचड़ी-खिचड़ी-खिचड़ी कहते हुए शेखचिल्ली अपने ससुराल से थोड़ा आगे ही बड़ा था कि वो किसी जगह पर कुछ देर के लिए रूका। इस दौरान शेख खिचड़ी का नाम रटना भूल गया।

जैसे ही उसे याद आया, तो वो खिचड़ी को 'खाचिड़ी-खाचिड़ी' कहने लगा। इस शब्द को रटते हुए शेखचिल्ली रास्ते पर आगे बड़ा। कुछ दूरी पर एक किसान अपनी फसल को चिड़िया से बचाने के लिए 'उड़चिड़ी-उड़चिड़ी' कह रहा था। तभी पास से ही शेखचिल्ली 'खाचिड़ी-खाचिड़ी' कहते हुए गुजरने लगा। यह सुनकर किसान को गुस्सा आ गया।

उसने दौड़कर शेखचिल्ली को पकड़ा और कहा कि मैं यहां चिड़िया से फसल बचा रहा हूं। उन्हें उड़ाने की कोशिश में लगा हूं, लेकिन तू मेरी फसल को 'खाचिड़ी-खाचिड़ी' कह रहा है। तुझे उड़चिड़ी कहना चाहिए। अब तू सिर्फ उड़चिड़ी कहेगा।

अब शेखचिल्ली आगे चलते हुए किसान की बात सुनकर 'उड़चिड़ी-उड़चिड़ी' ही कहने लगा। उस शब्द को रटते हुए वो एक तालाब के पास पहुंचा। वहां एक आदमी काफी देर से मछली पकड़ने की कोशिश कर रहा था। उसने शेखचिल्ली को उड़चिड़ी-उड़चिड़ी रटते हुए सुन लिया। उसने शेखचिल्ली को पकड़कर सीधे कहा कि तुम उड़चिड़ी नहीं कह सकते हो। तुम्हारी बातें सुनकर तो तलाब की सारी मछलियां भाग जाएंगी। अब तू सिर्फ 'आओ फंस जाओ' ही बोलेगा।

शेखचिल्ली के दिमाग में यही चीज बैठ गई। आगे बढ़ते हुए शेख 'आओ फंस जाओ' ही रटने लगा। कुछ देर आगे बढ़ने पर उसके सामने से चोर गुजरे। उन्होंने शेख के मुंह से 'आओ फंस जाओ' सुनकर उसे पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि हम चोरी करने के लिए जा रहे हैं और तू कह रहा है 'आओ फंस जाओ।' हम फंस गए, तो क्या होगा। अब से तू सिर्फ यही कहेगा 'आओ रख जाओ।'

पिटाई होने के बाद शेखचिल्ली 'आओ रख जाओ' कहते हुए आगे बढ़ना लगा। उस वक्त रास्ते में शमशान पड़ा। वहां लोग मृत आदमी को लेकर आए थे। 'आओ रख जाओ' सुनकर उन सभी को बुरा लगा। उन्होंने कहा, "अरे! भाई तू ये क्या बोल रहा है। जैसा तू बोल रहा है वैसा हो गया, तो कोई जिंदा नहीं बचेगा। तू आगे से सिर्फ ये बोलेगा कि 'ऐसा किसी के साथ न हो।'

शेखचिल्ली यही कहते हुए आगे की ओर बढ़ने लगा। तभी रास्ते में एक राजकुमार की बारात निकल रही थी। बारात में खुशी-खुशी नाचते जा रहे लोगों ने शेख के मुंह से 'ऐसा किसी के साथ न हो' सुना। सभी को बहुत बुरा लगा। उन्होने शेख को पकड़कर कहा कि तू ऐसे शुभ समय में इतना बुरा क्यों बोल रहा है। अब से तू सिर्फ यही कहेगा 'ऐसा सबके साथ हो।'

चिल्ली अब यही कहते-कहते अपने घर थका हारा पहुंच गया। वो घर तो पहुंच गया था, लेकिन उसे खिचड़ी का नाम याद नहीं रहा। कुछ देर आराम करने के बाद उसने अपनी पत्नी को कहा कि आज तुम्हारी मां ने मुझे खूब स्वादिष्ट चीज खिलाई। अब तुम भी मुझे वही बनाकर खिलाना। यह सुनते ही पत्नी ने उस व्यंजन का नाम पूछा। शेखचिल्ली ने दिमाग पर जोर डाला, लेकिन उसे खिचड़ी शब्द याद नहीं आया। उसके दिमाग में आखिर में रटने वाले शब्द ही थे।

तब उसने गुस्से में पत्नी से कहा कि मुझे कुछ नहीं पता बस तुम वो चीज मुझे बनाकर खिलाओगी। पत्नी गुस्सा करते हुए बाहर निकल गई। उसने कहा कि जब मुझे पता ही नहीं है कि क्या बनाना है, तो मैं कैसे बनाऊंगी। उसके पीछे-पीछे शेखचिल्ली भी चलने लगा। वो रास्ते में धीरे-धीरे अपनी पत्नी को कहता, चलो घर चलते हैं और तुम मुझे वो व्यंजन बनाकर खिला देना। पत्नी और गुस्सा हो गई।

पास से ही एक महिला दोनों को देख रही थी। शेख को धीमी आवाज में पत्नी से बात करते देख उस महिला ने शेख से पूछा कि क्या हुआ है, तुम दोनों यहां रास्ते पर खड़े होकर क्या खिचड़ी पका रहे हो। जैसे ही शेखचिल्ली ने खिचड़ी शब्द सुना उसे याद आ गया कि सासु मां ने भी व्यंजन का यही नाम बताया था। उसने उसी समय अपनी पत्नी को बताया कि उस व्यंजन का नाम खिचड़ी है। व्यंजन का नाम पता चलते ही शेख की पत्नी का गुस्सा ठंडा हो गया और दोनों खुशी-खुशी घर लौट आए।

### ◆ कहानी से सीख :

किसी की बोली हुई बात या नए शब्द को भूलने का डर हो, तो उसे लिखकर रख लेना चाहिए। सिर्फ उसे रटते रहने से शब्द गलत और अर्थ का अनर्थ हो जाता है।

Keral

# वायनाड में 300 से ज्यादा मौतें, 200 अब भी लापता, तलाशी के लिए उतारे गए रडार ड्रोन

**वायनाड, (एजेंसी) वायनाड में भूस्खलन की त्रासदी के बाद पांचवें दिन भी तलाशी अभियान जारी है। अब तक 300 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और 200 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। हालांकि राहत-बचाव में लगी एजेंसियों ने हिम्मत नहीं हारी है। शुक्रवार को भी मलबे के नीचे से कई जिंदा लोगों को निकाला गया। ऐसे में तकनीक की मदद से तलाशी अभियान को और भी तेज किया गया है। जानकारी के मुताबिक अबतक 210 से ज्यादा शव मिले हैं। वहीं अस्पताल में भर्ती लोगों में से 187 को छुट्टी दे दी गई है।**



## तलाशी के लिसए तकनीक का इस्तेमाल

वायनाड के गांव में भूस्खलने के बाद मलबे और नदी में तलाशी के लिए उन्नत उपकरणों और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वायनाड भूस्खलन हादसे के बाद व्यवसायी, मशहूर हस्तियां और संस्थाएं मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में लाखों-करोड़ों रुपये दान देने में जुटी हैं।

सेना द्वारा 190 फुट लंबे 'बेली ब्रिज' का निर्माण पूरा होने के बाद खोज अभियान में तेजी आने के बीच बचाव दलों ने शुक्रवार को भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मोबाइल फोन से प्राप्त अंतिम लोकेशन समेत जीपीएस निर्देशांकों और ड्रोन चित्रों का इस्तेमाल करके मलबे में फंसे लोगों की तलाश की।

उतारे गए रडार वाले ड्रोन

वायनाड में राहत और बचाव में रडार वाले ड्रोन को भी उतारा गया है। यह ड्रोन धरती से 120 मीटर की ऊंचाई पर उड़ता है और एक बार में 40 हेक्टेयर में सर्च करता है। इसमें रडार सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। ये चारों ओर तरंगें भेजता है जिनकी मदद से मलबे के नीचे दबे लोगों का पता लगाया जाता है। वायनाड के भूस्खलन प्रभावित गांव में उन्नत रडार प्रणाली के साथ खोज अभियान चला रहे बचावकर्मियों को संभवतः किसी मानव या पशु द्वारा सांस लेने का संकेत मिलता है।

अभियान में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि बुरी तरह प्रभावित मुंडक्कई गांव में एक घर की तलाशी के दौरान रडार पर 'नीला सिग्नल' प्राप्त हुआ। अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, 'किसी के लगातार सांस लेने का संकेत मिल रहा है।' हालांकि, शुक्रवार शाम को खोज अभियान समाप्त हो गया क्योंकि बचावकर्मियों ने निष्कर्ष निकाला कि मलबे के नीचे किसी व्यक्ति की मौजूदगी की संभावना नहीं है।

देर शाम फेसबुक पर लिखे एक पोस्ट में मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि लोगों की तलाश जारी है, रडार पर छोटी-सी हलचल का पता चला है, जिससे उम्मीद की किरणें दिख रही हैं। उन्होंने कहा, 'ध्वस्त इमारत के मलबे के बीच, बचावकर्मी अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं तथा बचे हुए लोगों को खोजने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।'

वायनाड जिले के मुंडक्कई क्षेत्र में भूस्खलन के तीन दिन बाद बचावकर्मियों ने शुक्रवार को एक ही परिवार के चार लोगों को पदवेट्टी कुन्नू के निकट एक इलाके में सुरक्षित पाया। भूस्खलन की घटनाओं में मरने वालों की संख्या 210 हो गई है जबकि 273 लोग घायल हुए हैं।

केरल स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इसके अतिरिक्त 134 मानव अंग भी बरामद किए गए हैं। शुक्रवार को तड़के फिर से शुरू हुए खोज और बचाव अभियान को तब बल मिला जब 'बेली ब्रिज' के कारण बचाव दलों को भारी मशीनरी, जिसमें उत्खनन मशीनें भी शामिल थीं, और एम्बुलेंस को सबसे अधिक प्रभावित मुंडक्कई और चूरलमाला बस्तियों तक ले जाने में मदद मिली।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जानमाल के नुकसान का अंदाजा तब लगेगा जब बचावकर्मी भारी मशीनरी का उपयोग करके मलबे और लकड़ी के लट्ठों से ढके घरों को साफ करेंगे। केरल के लोक निर्माण मंत्री पी ए मोहम्मद रियास ने शाम को कहा कि आधार दस्तावेजों, पर्यटकों के विवरण, आशा कार्यकर्ताओं से पूछताछ और राहत शिविरों और अस्पतालों में लोगों से बात करने के बाद जिला प्रशासन के रिकॉर्ड के अनुसार 218 लोग लापता हैं।

Keral

## जिंदगी की उम्मीद भरी तस्वीर! केरल के जंगलों से आई चमत्कार की कहानी... 5 दिन बाद बचाए गये 4 बच्चे





**कोच्चि, (एजेंसी)** केरल के वायनाड में आए विनाशकारी भूस्खलन में अभी तक 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और बड़ी संख्या में लोग अभी भी लापता हैं. इस भयानक आपदा के बीच एक सुखद खबर भी सामने आई है जहां भूस्खलन प्रभावित वायनाड में केरल के वन अधिकारियों द्वारा 8 घंटे के अथक अभियान के बाद एक दूरदराज के आदिवासी बस्ती से 6 बच्चों को रेस्क्यू किया गया. इस रेस्क्यू अभियान पर प्रतिक्रिया देते हुए केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने कहा, 'वन अधिकारियों का ये जज्बा हमें याद दिलाता है कि संकट की घोर घड़ी में भी केरल की जीवटता चमकती रहती है. हम एकजुट होकर पुनर्निर्माण करेंगे तथा और मजबूत होकर उभरेंगे.' कलपेट्टा रेंज के वन अधिकारी के. हशीस के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने गुरुवार को एक आदिवासी परिवार को बचाने के लिए जंगल के अंदर एक खतरनाक रास्ते को पार करते हुए इस रेस्क्यू अभियान को अंजाम दिया. बचाए गए बच्चों में आदिवासी समुदाय के एक से चार साल की उम्र के चार बच्चे शामिल हैं. वायनाड के पनिया समुदाय से ताल्लुक रखने वाला यह परिवार एक पहाड़ी की चोटी पर एक गुफा में फंसा हुआ था, जिसके ऊपर एक गहरी खाई है और टीम को वहां पहुंचने में साढ़े चार घंटे से अधिक का समय लगा. पीटीआई से बात करते हुए, हशीस ने कहा कि उन्होंने गुरुवार को मां और चार साल के बच्चे को वन क्षेत्र के पास भटकते हुए देखा.

खेल

# बैडमिंटन पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन की जीत, चू टिन चेन को हराकर रचा इतिहास

**पेरिस, (एजेंसी)** लक्ष्य सेन बैडमिंटन में पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं, ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय हैं। लक्ष्य ने ताइवान के चू टिन चेन को 19-21, 21-15, 21-12 से हराया। लक्ष्य सेन ने भारतीय बैडमिंटन में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चू टिन चेन के खिलाफ तीन गेम की रोमांचक जीत के साथ सेन उस मुकाम पर पहुंच गए हैं, जहां कोई भी भारतीय पुरुष शटलर पहले नहीं पहुंच पाया है। लक्ष्य अब ओलंपिक में बैडमिंटन पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर बन गए। अब वह पदक से सिर्फ एक जीत दूर हैं। लक्ष्य से पहले किदांबी श्रीकांत (2016) और पारुपल्ली कश्यप (2012) क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। सेन पेरिस से बैडमिंटन पदक के लिए भारत की एकमात्र उम्मीद हैं।



**प्रणय को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे लक्ष्य-** पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन का सामना एचएस प्रणय से हुआ था। गुरुवार को खेले गए मुकाबले में विश्व रैंकिंग 19 लक्ष्य ने 13वें रैंक के प्रणय को हरा दिया। इसी के साथ प्रणय का सफर पेरिस ओलंपिक में समाप्त हो गया था। इस मुकाबले का पहला सेट लक्ष्य ने जीता। उन्होंने 21 मिनट तक चले इस गेम में प्रणय को 21-12 से हराया। वहीं, दूसरे सेट में भी लक्ष्य ने दमदार प्रदर्शन किया और 18 मिनट तक चले गेम में प्रणय को 21-6 से हराकर मुकाबला अपने नाम किया था।

**प्रणय से पहले क्रिस्टी को दी थी लक्ष्य ने मात-** लक्ष्य ने प्रणय से पहले दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेमों में 21-18, 21-12 से मात दी थी। लक्ष्य ने जीत के बाद कहा था कि, 'यह काफी कठिन मैच था और मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं।' उन्होंने कहा, 'स्वर्ण पदक पर नजरें हैं। पिछले कुछ महीने से प्रदर्शन अच्छा रहा है। उतार चढ़ाव आए हैं लेकिन कुल मिलाकर प्रदर्शन अच्छा ही रहा है।' विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता अलमोड़ा के 23 वर्ष के लक्ष्य ने मौजूदा आल इंग्लैंड और एशियाई खेल चैंपियन क्रिस्टी के खिलाफ मुकाबला 50 मिनट में जीता था।

सिनेमा

# टीवी की 'बहू' श्वेता तिवारी 43 साल की उम्र में बनेंगी डॉन, साड़ी पहन उड़ाएंगी सिगरेट का धुआं



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी को 'कसौटी जिंदगी की' सीरियल से हर घर में पहचान मिली। श्वेता तिवारी ने इस शो में प्रेरणा का किरदार निभाया था। आज 43 साल की उम्र में श्वेता तिवारी को उनकी फिटनेस के लिए जाना जाता है। अब श्वेता तिवारी धर्मा प्रोडक्शन की वेब सीरीज में एक दमदार रोल निभाती नजर आएंगी। टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने खुद इस बात की पुष्टि की है। श्वेता तिवारी के फैंस इस वेब सीरीज में श्वेता तिवारी को बिल्कुल अलग अंदाज में देखेंगे।

श्वेता तिवारी ने न्यूज 18 से खास बातचीत में खुलासा किया कि वो जल्द ही धर्मा प्रोडक्शन की वेब सीरीज में नजर आएंगे। श्वेता तिवारी ने खुलासा किया कि इस सीरीज में वो डॉन जैसे कैरेक्टर में नजर आएंगी। श्वेता तिवारी ने कहा कि शो में उनका किरदार साड़ी में नजर आएगा और सिगरेट पीते नजर आएगा। श्वेता तिवारी ने कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण रोल है और इसलिए उन्होंने ये रोल को करने का फैसला लिया।

श्वेता तिवारी से जब शो के बारे में और जानकारी मांगी गई तो उन्होंने किसी भी डिटेल का खुलासा करने से मना कर दिया। इसी इंटरव्यू में श्वेता तिवारी ने कहा कि वो जीवन में नए चैप्टर की शुरुआत के लिए

## Highlights

1. **'Singularity of dreams' hyped up so much: Prof Chauhan on UPSC aspirants' deaths**
2. **Govt moves draft to declare 57,000 sq km of Western Ghats as 'eco-sensitive'**
3. **Throw NTA into Arabian Sea or Bay of Bengal, choice is yours: Jha**
4. **Throw NTA into Arabian Sea or Bay of Bengal, choice is yours: Jha**
5. **85 plots, market complex, gold found in possession of Odisha engineer**

# Centre approves 8 high-speed road corridor projects worth over ₹50,000 crore



**NEW DEIHI, (Agency).** The Narendra Modi government on Friday approved eight important National High-Speed Road Corridor Projects of length 936 km at a total cost of Rs. 50,655 Crore to improve logistics efficiency, reduce congestion and enhance connectivity across the country.

"Cabinet today approved 8 important National High-Speed Road Corridor Projects of length 936 km at a total cost of over ₹50,000 crore to improve logistics efficiency, reduce congestion and enhance connectivity across the country," Union minister Ashwini Vaishnaw said.

The projects include six-lane Agra-Gwalior National High Speed Corridor, four-lane Kharagpur-Moregram National High Speed Corridor, six-lane Tharad - Deesa - Mehsana - Ahmedabad National High-Speed Corridor, four-lane Ayodhya Ring Road, the five-lane section between Pathalgaon and Gumla of Raipur-Ranchi National Highspeed Corridor, six-lane Kanpur Ring Road, four-lane Northern Guwahati Bypass and Widening/Improvement of Existing Guwahati Bypass and eight-lane elevated Nashik Phata - Khed Corridor near Pune.

"140 crore Indians gave PM Modi a historic mandate. Thanks to them, a government returned to power for a third consecutive term after 60 years... Following the formation of the government, ₹76,000 crore will be invested for Vadhavan Port," Vaishnaw said.

In its statement, the government said,"Infrastructure development is the foundation for a country's economic prosperity and is critical for improving the quality of life of its citizens. Every rupee spent on infrastructure development has a multiplier effect of about 2.5-3.0 times on GDP."

The government in its statement said that total capital investment in National Highways including private investment has increased by 6 times from Rs. 50,000 crore in 2013-14 to about Rs. 3.1 Lakh crore in 2023-24.

# Airbnb, top financial crimes association join hands to combat travel scams

**NEW DEIHI, (Agency).** Airbnb has teamed up with the International Association of Financial Crimes Investigators (IAFCI) to promote safe online booking and combat travel scams. This partnership comes in response to new consumer research conducted by YouGov, which revealed that Gen Z and Millennials are the most susceptible to scams, with victims losing an average of ₹1,02,233.

Nearly half of Indian travellers admitted they would be less




cautious when booking a holiday if it meant saving a significant amount of money. (AFP)

Nearly half of Indian travellers admitted they would be less cautious when booking a holiday if it meant saving a significant amount of money. (AFP)

The research, commissioned by Airbnb, found the increasing importance of finding deals amid the rising cost of living. Nearly half of Indian travellers admitted they would be less cautious when booking a holiday if it meant saving a significant amount of money, and over 40 per cent said they would take a risk to save money, even if they suspected a deal was too good to be true.

The findings underscore the importance of using a recognised provider, especially when spending money online.

Airbnb has implemented various measures to protect its community's information and bookings, including dedicated teams and systems to proactively deter scams, on-platform messaging reminders to communicate, book, and pay through Airbnb, and guest payment protections that withhold payment for a stay until 24 hours after check-in.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक